**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 914**
**दिनांक 24 जुलाई, 2025**

**केरोसिन की डीलरशिप**

**914. डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तारीख तक देश भर में सरकार द्वारा राज्य-वार कितने व्यक्तियों को केरोसिन डीलरशिप प्रदान की गई है;

(ख) क्या डीलरशिप प्रदान किए गए लोगों को केरोसिन की आपूर्ति बंद कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या ऐसी बंद की गई डीलरशिप के संचालन को जारी रखने के लिए कोई प्रावधान मौजूद है और यदि हां, तो सरकार इसे कब तक लागू करने की योजना बना रही है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) दिनांक 01.07.2025 तक देश भर में 6395 सार्वजनिक वितरण सुपीरियर मिट्टी तेल (पीडीएस एसकेओ) एजेंसियां हैं। राज्य-वार ब्यौरे अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ख) और (ग) सरकार, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मिट्टी तेल का आवंटन तिमाही आधार पर करती है। राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के पीडीएस मिट्टी तेल के आवंटन को वर्ष 2010-11 से युक्तिसंगत बनाया गया है तथा वर्तमान में 21 राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश पीडीएस एसकेओ मुक्त हैं।

सरकार ने सार्वजनिक वितरण सुपीरियर मिट्टी तेल (पीडीएस एसकेओ) आवंटन नीति तैयार की है जिसके अंतर्गत सरकार, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को तिमाही आधार पर खाना पकाने, प्रकाश संबंधी व्यवस्था तथा विशेष आवश्यकताओं (मत्स्य पालन, मेला, प्रदर्शनियाँ, महामारी, आपदा इत्यादि) हेतु सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) मिट्टी तेल का आवंटन करती है। इसके अलावा, किसी भी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में पीडीएस नेटवर्क के तहत पीडीएस मिट्टी तेल का वितरण संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा ही किया जाता है। वितरण का पैमाना तथा मानदंड भी संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा तदनुसार तय किए जाते हैं।

तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) द्वारा अलाभकारी पीडीएस मिट्टी तेल डीलरों के पुनर्वास हेतु घरेलू एलपीजी वितरक चयन दिशानिर्देश/खुदरा बिक्री केंद्र डीलरशिप चयन दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है, जिसमें उन्हें सक्षम बनाने हेतु चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु पात्रता मानदंडों में कुछ छूट प्रदान की गई है।

ओएमसीज ने मिट्टी तेल मुक्त राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और अलाभकारी एसकेओ डीलरों में पीडीएस मिट्टी तेल डीलरों के पुनर्वास हेतु नामांकन के आधार पर गैर-घरेलू (एनडी) एलपीजी/मुक्त व्यापार एलपीजी (एफटीएल) डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्रदान करने की नीति भी लागू की है।

*****

**अनुलग्नक**

"केरोसिन की डीलरशिप" के संबंध में श्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा दिनांक 24.07.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 914 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

| राज्य | दिनांक 01.07.2025 की स्थिति के अनुसार पीडीएस एसकेओ एजेंसी की संख्या |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2 |
| आंध्र प्रदेश | 328 |
| अरुणाचल प्रदेश | 30 |
| असम | 227 |
| बिहार | 349 |
| चंडीगढ़ | 11 |
| छत्तीसगढ | 105 |
| दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव | 7 |
| दिल्ली | 112 |
| गोवा | 19 |
| गुजरात | 466 |
| हरियाणा | 150 |
| हिमाचल प्रदेश | 25 |
| जम्मू और कश्मीर | 50 |
| झारखंड | 109 |
| कर्नाटक | 376 |
| केरल | 196 |
| लद्दाख | 2 |
| लक्षद्वीप | 1 |
| मध्य प्रदेश | 279 |
| महाराष्ट्र | 786 |
| मणिपुर | 40 |
| मेघालय | 31 |
| मिजोरम | 27 |
| नगालैंड | 19 |
| ओडिशा | 172 |
| पुदुचेरी | 6 |
| पंजाब | 232 |
| राजस्थान | 285 |
| सिक्किम | 7 |
| तमिलनाडु | 392 |
| तेलंगाना | 205 |
| त्रिपुरा | 48 |
| उत्तर प्रदेश | 758 |
| उत्तराखंड | 73 |
| पश्चिम बंगाल | 470 |
| **कुल** | **6395** |